POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 24.06.2024

थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा नोएडा/एनसीआर क्षेत्र में दुपहियां वाहन चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से चोरी की 05 मोटरसाइकिल व 03 स्कूटी बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **24.06.2024** को थाना फेस-1 नोएडा पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर कार्यवाही करते हुए नोएडा/एनसीआर क्षेत्र में दुपहियां वाहन चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 02 अभियुक्त 1.सूरज सिंह पुत्र रामजी सिंह 2.हर्ष पाण्डेय उर्फ मौसम पुत्र सुधीर पाण्डेय को ए16, सै0-6 नोएडा से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की एक स्कूटी व निशादेही पर कुल 05 मोटरसाइकिल व 02 स्कूटी बरामद की गयी है।

घटना का विवरण-- अभियुक्तों के कब्जे से बरामद चोरी की 01 स्कूटी रजि0नं0 UP16DM4363 के सम्बन्ध में थाना फेस-1 नोएडा पर पूर्व से मु0अ0सं0 292/24 धारा 379 भादवि पंजीकृत है। अभियुक्तों की निशांदेही पर सेक्टर-8 में एफ-6 पर बने खण्डहर से चोरी की 05 मोटरसाइकिल व 02 स्कूटी बरामद की गयी। बरामद मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला रजि0 नं0 UP14EU1709 के सम्बन्ध में थाना सै0-39 नोएडा पर मु0अ0सं0 219/24 धारा 379 भादवि तथा मोटरसाइकिल स्पलेण्डर प्लस रंग काला रजि0 नं0 UP14EA7622 के सम्बन्ध में ई-पुलिस स्टेशन गाजीपुर दिल्ली पर ई-एफआईआर नं0 010137/22 धारा 379 भादवि, बजाज केटीएम बाइक रजि0 नं0 DL5SAZ1240 के सम्बन्ध में थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर पर मु0अ0सं0 478/24 धारा 379 भादवि तथा मोटरसाइकिल सप्लेन्डर प्रो0 रंग काला रजि0 नं0 UP16AX0736 के सम्बन्ध में ई-पुलिस स्टेशन न्यू अशोक नगर दिल्ली पर ई एफआईआर नं0 008172/24 धारा 379 भादवि व स्कूटी रंग काला रजि0 नं0 DL7SCJ6820 के सम्बन्ध में ई-पुलिस स्टेशन गाजीपुर दिल्ली पर ई एफआईआर नं0 010408/24 धारा 379 भादवि पूर्व से पंजीकृत है। अन्य वाहन भिन्न-भिन्न स्थानो से चोरी करना बताया गया जिनके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही

अभियुक्तों का विवरण--

1. सूरज सिंह पुत्र रामजी सिंह निवासी ज्ञानखण्ड प्रथम, इन्दिरापुरम, गाजियाबाद मूल पता श्रमिक विहार, सै0-30 हनुमान मन्दिर के पास जिला फरीदाबाद, हरियाणा उम्र 23 वर्ष।
2. हर्ष पाण्डेय उर्फ मौसम पुत्र सुधीर पाण्डेय निवासी राहुल कुंज ग्राम दल्लूपुरा थाना न्यू अशोक नगर दिल्ली उम्र 21 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 292/24 धारा 379/411/414 भादवि थाना फेस-1 गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 219/24 धारा 379/411 भादवि थाना सै0-39, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 478/24 धारा 379/411 भादवि थाना बिसरख, गौतमबुद्धनगर।
4. ई-एफआईआर नं0 010137/22 धारा 379 भादवि ई पुलिस स्टेशन गाजीपुर दिल्ली।
5. ई-एफआईआर नं0 008172/24 धारा 379 भादवि ई पुलिस स्टेशन न्यू अशोक नगर दिल्ली।
6. ई-एफआईआर नं0 010408/24 धारा 379 भादवि ई पुलिस स्टेशन गाजीपुर दिल्ली।

बरामदगी का विवरण--

चोरी की 05 मोटरसाइकिल व 03 स्कूटी